सं. ई-14018/1/2019/हिन्दी/डीजीएचएस/.................

भारत सरकार

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

(हिंदी अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: ....../08/2019

परिपत्र

विषय: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में दिनांक 01 से 15 सितंबर, 2019 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से महानिदेशालय में दिनांक 01 से 15 सितंबर, 2019 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है जिस दौरान महानिदेशालय के नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाने वाली हिन्दी प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम/विवरण इस प्रकार है:-

क्रम सं.	प्रतियोगिता का नाम	तारीख एवं समय
1.	हिन्दी प्रश्न मंच (सभी के लिए)	03.09.2019 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से
2.	हिन्दी आशुभाषण (सभी के लिए)	04.09.2019 (बुधवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से
3.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (केवल राजपत्रित अधिकारियों के लिए)	05.09.2019 (गुरूवार) पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक
4.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (केवल अराजपत्रित कर्मियों के लिए)	
5.	हिन्दी टिप्पण और प्रारूपण प्रतियोगिता (सभी के लिए)	06.09.2019 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11:00 से 12:30 बजे तक
6.	सामान्य हिन्दी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (केवल एमटीएस के लिए)	12.09.2019 (गुरूवार) पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक

2. उपर्युक्त प्रतियोगिताएं रिसोर्स सेंटर, कमरा नं. 445-ए, निर्माण भवन में आयोजित होंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में एक प्रथम (5000/- रुपए), एक द्वितीय (4000/- रुपए), एक तृतीय (3000/- रुपए) पुरस्कार के साथ दो प्रोत्साहन पुरस्कार (प्रत्येक 1500/- रुपए) दिए जाएंगे। चुंकि, ये प्रतियोगिताएं राजभाषा हिन्दी को सरकारी कामकाज में बढ़ावा देने के लिए प्रेरणास्वरूप आयोजित की जाती है, अत: किसी एक विजेता अधिकारी/कर्मचारी को उनके सर्वश्रेष्ठ 02 से अधिक नकद पुरस्कार प्रदान नहीं किया जाएगा।

3. उपर्युक्त प्रतियोगिताओं की कतिपय शर्तें निम्नवत् है:

(i) प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु न्यूनतम 10 प्रतिभागियों के न होने पर उक्त प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।

(ii) क्रमांक 3, 4 और 5 में भाग लेने वाले हिन्दीत्तर भाषा-भाषी प्रतिभागियों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त अंकभार दिया जाएगा।

(iii) परिणाम के संबंध में प्रश्नपत्र निर्माताओं/जांचकर्ताओं एवं निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए महानिदेशालय के हिन्दी अनुभाग में तैनात अधिकारी/कर्मचारी पात्र नहीं होंगे।

कृ.पृ.उ.

(iv) प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल वर्जित होगा ।

(v) प्रतियोगिता शुरू होने के 10 मिनट बाद आने वाले प्रतिभागी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

(vi) अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता के समय में बदलाव होने पर प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा ।

4. अत:, महानिदेशालय के सभी इच्छुक नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लें और संलग्न प्रपत्र में अपना नामांकन दिनांक 30.08.2019 तक हिन्दी अनुभाग को अवश्य भिजवा दें।

इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है ।

संलग्नक: नामांकन प्रपत्र ।

लक्ष्मी 26/8/19

(लक्ष्मी गर्ग)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सभी अधिकारीगण ।
2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभाग/प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने सभी कर्मचारियों को सूचित करें और उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:

(i) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव को इस अनुरोध के साथ कि हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के लिए उपर्युक्त तारीख को पूर्वाह्न 10.45 से अपराह्न 12.45 तक रिसोर्स सेंटर, कमरा संख्या 445-ए, निर्माण भवन की बुकिंग हिन्दी अनुभाग के नाम करवा दें ।

(ii) सामान्य अनुभाग को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के दिन प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था करें । प्रतिभागियों की संख्या प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व दे दी जाएगी ।

(iii) प्रभारी, आईटी प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को महानिदेशालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कर दें ।

(iv) नोटिस बोर्ड ।

कृपया अपलोड करें।
26/8/19

सं. ई-14018/1/2019/हिन्दी/डीजीएचएस/............

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

(हिन्दी अनुभाग)

हिन्दी पखवाड़ा, 2019

(दिनांक 01 से 15 सितम्बर, 2019)

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नामांकन प्रपत्र

1. नाम : ....
2. पदनाम : ....
3. अनुभाग/तैनाती का स्थान : ....
4. मोबाइल नं. (अनिवार्य) : ....
5. कमरा सं. : ....
6. कार्यालय/अनुभाग दूरभाष सं. : ....
7. हिन्दी प्रतियोगिताओं का नाम जिनमें भाग लेना चाहते हैं:

(i) ....

(ii) ....

(iii) ....

(iv) ....

(v) ....

(vi) ....

(उपर्युक्त सूचना 30 अगस्त, 2019 तक हिन्दी अनुभाग को अवश्य भेज दें ।)

....

(आवेदक का हस्ताक्षर)

दिनांक:

....

प्रभारी अधिकारी/अनुभाग अधिकारी के हस्ताक्षर